अंजनी का लाला | by Priyanka Chandak

जिसने लिया तेरा आसरा उसके संकट को हर डाला रे .....

अंजनी का लाला रे भक्तों का रखवाला रे
जिसने लिया तेरा आसरा उसके संकट को हर डाला रे
अंजनी का लाला रे.....

संकट मोचन नाम तिहारा शंकर के अवतार
दुष्टों का दिल भय से कांपे सुनते तेरी ललकार
हे दयालु हे कृपालु तेरी महिमा अपरम्पार
अंजनी का लाला रे.....

सियाराम के सेवक बनकर किये है अद्भुत काम
लांघ समंदर लंका उजाड़ी लाये सिया पैगाम
संजीवन तुम लाये गया रावण तुमसे हार
अंजनी का लाला रे.....

ना जानू मैं सेवा भक्ति नहीं मुझे कोई ज्ञान
मैं शरण हूँ शरण तुम्हारी देदो मुझको ज्ञान
चरणों में रहूं हर पल दम निकले तो तेरे द्वार
अंजनी का लाला रे.....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%85%e0%a4%82%e0%a4%9c%e0%a4%a8%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be-by-priyanka-chandak/